**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

## PUNJAB KESARI

# प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय राज्य में अव्वल

फरीदाबाद, 11 फरवरी (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के चार हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह छठी बार है जब विश्वविद्यालय ने एनपीटीईएल में भागीदारी की और विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एए' ग्रेड के साथ मूल्यांकन किया गया। इस प्रकार, स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर की जारी की गई ताजा रेटिंग में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने वाला हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। यह रेटिंग आनलाइन शिक्षण के क्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा की भागीदारी को दर्शाती है।

कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विशेष रूप से डिजिटल प्रकोष्ठ, मूक्स संयोजकों और आनलाइन पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है जो शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए गुणवत्ता मानकों को दर्शाता है।


*सेवा भारती के अधिकारियों को कंप्यूटर सौंपते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

विश्वविद्यालय में डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दूहन, जोकि विश्वविद्यालय में एनपीटीईएल कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए एकल संपर्क (एसपीओसी) हैं, ने बताया कि एनपीटीईएल ने जनवरी से जुलाई 2020 तक भागीदारी करने वाले शीर्ष क्रम के 100 संस्थानों की सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन, उत्तीर्ण प्रतिशत और शीर्ष स्थान प्राप्त करने जैसे चुनिंदा मापदंडों के आधार पर 21वां स्थान प्राप्त किया है। सामाजिक जिम्मेदारियों के रूप में सामुदायिक सेवा के प्रति अपने प्रयास जारी रखते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज साधन से वंचित विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर का दान दिये। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सेवा भारती संस्थान, फरीदाबाद के अधिकारियों को पांच कंप्यूटर सौंपे। सेवा भारत एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) है, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए काम कर रहा है और मुफ्त चिकित्सा सहायता, मुफ्त शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। सेवा भारती के अधिकारी आत्म प्रकाश सेतिया और शिव कुमार कटारिया ने कुलपति को बताया कि कंप्यूटर का उपयोग सेवा भारती के सेक्टर-7, फरीदाबाद स्थित कंप्यूटर सेंटर में किया जाएगा जो सेवा भारती के जिला अध्यक्ष जीएल बंसल की देखरेख में साधन से वंचित छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। समाज सेवा के प्रति सेवा भारती के योगदान की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन कंप्यूटरों से साधन से वंचित ऐसे छात्रों की मदद होगी जिन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रौद्योगिकीय संसाधनों की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने विद्यार्थियों की शिक्षा को भारी नुकसान पहुंचाया है। महामारी के कारण शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी का महत्व आवश्यक हो गया है। उन्होंने सेवा भारती के अधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में लैब अपग्रेडेशन के कारण काफी कंप्यूटर पुराने हो गये थे, जिन्हें बदलने की आवश्यकता थी। हालांकि सभी कंप्यूटर अच्छे हैं और कुछ को दोबारा तैयार किया गया है ताकि इनका पढ़ाई की दृष्टि से सही उपयोग सुनिश्चित हो सके।

**पंजाब केसरी** ई-पेपर
Fri, 12 February 2021
Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

## THE PIONEER

# साधन से वंचित छात्राओं के लिए दान किए कंप्यूटर



**फरीदाबाद।** सामाजिक जिम्मेदारियों के रूप में सामुदायिक सेवा के प्रति अपने प्रयास जारी रखते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज साधन से वंचित विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर का दान दिये। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सेवा भारती संस्थान, फरीदाबाद के अधिकारियों को पांच कंप्यूटर सौंपे। सेवा भारत एक गैर-सरकारी संगठन है, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए काम कर रहा है और मुफ्त चिकित्सा सहायता, मुफ्त शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। सेवा भारती के अधिकारी आत्म प्रकाश सेतिया और शिव कुमार कटारिया ने कुलपति को बताया कि कंप्यूटर का उपयोग सेवा भारती के सेक्टर -7, फरीदाबाद स्थित कंप्यूटर सेंटर में किया जाएगा जो सेवा भारती के जिला अध्यक्ष श्री जीएल बंसल की देखरेख में साधन से वंचित छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। समाज सेवा के प्रति सेवा भारती के योगदान की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन कंप्यूटरों से साधन से वंचित ऐसे छात्रों की मदद होगी जिन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रौद्योगिकीय संसाधनों की सख्त आवश्यकता है। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में लैब अपग्रेडेशन के कारण काफी कंप्यूटर पुराने हो गये थे, जिन्हें बदलने की आवश्यकता थी।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

**THE PIONEER**

## जेसी बोस हरियाणा में अव्वल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार देश के चार हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है। यह छठी बार है जब विश्वविद्यालय ने एनपीटीईएल में भागीदारी की और विश्वविद्यालय को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एए' ग्रेड के साथ मूल्यांकन किया गया। इस प्रकार, स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर की जारी की गई ताजा रेटिंग में जेसी बोस विश्वविद्यालय देश के शीर्ष 100 शिक्षण संस्थानों में जगह बनाने वाला हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। यह रेटिंग आनलाइन शिक्षण के क्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा की भागीदारी को दर्शाती है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विवि के अधिकारियों, विशेष रूप से डिजिटल प्रकोष्ठ, मूक्स संयोजकों और आनलाइन पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि ने संस्था को भेंट किए कंप्यूटर

बल्लभगढ़। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए की ओर से बृहस्पतिवार को सेवा भारती संस्थान को पांच कंप्यूटर भेंट किया। इन कंप्यूटर का उपयोग सेवा भारती के सेक्टर-7 स्थित कंप्यूटर सेंटर में किया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इन कंप्यूटरों से साधन से वंचित ऐसे छात्रों की मदद होगी, जिन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रौद्योगिकी संसाधनों की सख्त आवश्यकता है। कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि लैब अपग्रेडेशन के कारण काफी कंप्यूटर पुराने हो गए थे, जिन्हें बदलने की आवश्यकता थी। हालांकि सभी कंप्यूटर अच्छे हैं और कुछ को दोबारा तैयार किया गया है। संवाद

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

**HINDUSTAN**

# जरूरतमंदों के लिए कंप्यूटर दान किए

**फरीदाबाद।** सामाजिक जम्मिेदारी निभाते हुए जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने गुरुवार को जरूरतमंद छात्रों के लिए कंप्यूटर दान दिए। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सेवा भारती संस्थान के अधिकारियों को पांच कंप्यूटर सौंपे। कुलपति ने बताया कि सेवा भारती एक गैर-सरकारी संगठन है।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

**HINDUSTAN**

# कार्यक्रम में वाईएमसीए को 21वां स्थान मिला

**फरीदाबाद।** जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। विश्वविद्यालय को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में भागीदार करते हुए देश के चार हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थानों में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने साधन से वंचित छात्राओं के लिए दान में दिए कंप्यूटर

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने साधन से वंचित छात्राओं को कंप्यूटर दान दिए। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सेवा भारती संस्थान के अधिकारियों को पांच कंप्यूटर दिए। सेवा भारत एक गैरसरकारी संगठन है, जो समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए काम कर रहा है और मुफ्त चिकित्सा सहायता, मुफ्त शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। सेवा भारती के अधिकारी आत्मप्रकाश सेतिया और शिव कुमार कटारिया ने कुलपति को बताया कि कंप्यूटर का उपयोग सेवा भारती के सेक्टर-7 स्थित कंप्यूटर सेंटर में किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 12.02.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# देश के टॉप 100 संस्थानों में जेसी बोस 21वें स्थान पर

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) में लगातार बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। यूनिवर्सिटी को एनपीटीईएल के लोकल चैप्टर में देश भर में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है। देश के 4 हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों में यूनिवर्सिटी ने यह स्थान प्राप्त किया है। यह छठी बार है, जब यूनिवर्सिटी ने एनपीटीईएल में भागीदारी की और यूनिवर्सिटी को स्वयं-एनपीटीईएल लोकल चैप्टर्स में 'एए' ग्रेड मिला। यह रेटिंग ऑनलाइन शिक्षण के क्षेत्र यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए प्रयासों के चलते दी गई है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इसके लिए यूनिवर्सिटी के अधिकारियों, डिजिटल प्रकोष्ठ, संयोजकों व ऑलाइन कोर्सेज में हिस्सा लेने वाले छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। यूनिवर्सिटी में डिजिटल मामलों की निदेशक डॉ. नीलम दूहन ने बताया कि एनपीटीईएल ने जनवरी से जुलाई 2020 तक भागीदारी करने वाले 100 संस्थानों की सूची जारी की है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी ने विभिन्न ऑनलाइन कोर्सेज में नामांकन, उत्तीर्ण प्रतिशत व शीर्ष स्थान प्राप्त करने जैसे चुनिंदा मापदंडों के आधार पर 21वां स्थान प्राप्त किया है।